तेरा सजा दिया दरवार मैया आ जाओ भजन लिरिक्स

तेरा सजा दिया दरवार मैया आ जाओ भजन

तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जाओ
तेरा लगा दिया दरबार मैया आ जाओ
मैया आजाओ मैया आ जाओ
माँ आ जाओ माँ आजाओ

तेरे दरपर अखबर आया था
सोने का छत्र चढ़ाया था
तूने नही किया स्वीकार मैया आ जाओ
तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जाओ

तेरे दरपर ध्यानु आया था
उससे काट के शीश चढ़ाया था
तूने कर दिया बेडा पार मैया आ जाओ
तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जाओ

तेरे दर पर हम भी आये है
दर्शन की आशा लाये है
हो मैया दे दो दर्शन आज मैया आ जाओ
तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जाओ

ओ देखो मैया आने लगी
भक्तो को दर्शन देने नहीं
तेरी हो रही जय जयकार मैया आ जाओ
तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जाओ

तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जाओ
तेरा लगा दिया दरबार मैया आ जाओ
मैया आजाओ मैया आ जाओ
माँ आ जाओ माँ आ जाओ